2262021-Hoshiarpur-8.qxd 06/22/2021 12:24 AM Page 1



# बाढ़ की रोकथाम हेतु जुलाई तक सभी तैयारियां पूरी की जाएं : उप्पल

## ड्रेनेज़ विभाग के अधिकारियों को पानी की स्थिति संबंधी रोज़ाना रिपोर्ट देने के निर्देश



ज़िले में किए गए बाढ़ बचाव प्रबंधों का जायज़ा लेने के उपरांत दीप्ति उप्पल डिप्टी कमिश्नर प्रशासकीय कम्पलैक्स में ज़िले के विभिन्न विभागों की बैठक को सम्बोधित करते हुए। साथ हैं राहुल चाबा, राजीव वर्मा (दोनों ए.डी.सी.), एस.पी. जसबीर सिंह, वरिन्द्रपाल सिंह बाजवा, डा. चारुमिता, शायरी मल्होत्रा, बलबीर राज (चारों एस.डी.एम.) व अन्य अधिकारी।

कपूरथला, 21 जून (अमरजीत कोमल): आगामी मानसून को मद्देनज़र रखते हुए ज़िले में बाढ़ की रोकथाम के लिए जुलाई के पहले सप्ताह तक सभी तैयारियां सम्पन्न की जाएं और इसके अलावा सूओं और रजबाहों की साफ-सफाई का कार्य भी शीघ्र करवाया जाए। यह बात दीप्ति उप्पल डिप्टी कमिश्नर कपूरथला ने बाढ़ रोको प्रबंधों का जायज़ा लेने के उपरांत विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने ड्रेनेज़ विभाग के अधिकारियों को कहा कि वह पौंग डैम व भाखड़ा डैम में प्रतिदिन आने वाले वर्षा के पानी संबंधी रिपोर्ट उनको दी जाए और भाखड़ा-ब्यास मैनेजमैंट बोर्ड के अधिकारियों के साथ निरंतर सम्पर्क रखा जाए। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज़ विभाग द्वारा एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि वह ज़िले में स्थित ब्यास व सतलुज दरिया नज़दीक बसे लोगों के साथ लगातार सम्पर्क रखने पर ज़िले में स्थित धुस्सी बांध का दौरा करके कमज़ोर स्थानों की मज़बूती की तरफ विशेष ध्यान दिया जाए। डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को कहा कि वह अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बोरियां, रेत, पानी में चलने वाली बोट का आगामी प्रबंध करें, धुस्सी बांध के अंदर वाले भाग महत्वपूर्ण स्थानों की शिनाख्त करके वायरलैस सिस्टम आरम्भ करने के लिए कहा। बैठक में ड्रेनेज़ विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धुस्सी बांध के अंदरूनी तरफ ज्यादा खतरे वाले 26 गांवों की शिनाख्त की गई है और ज़िला प्रशासन द्वारा ब्यास दरिया किनारे को बाढ़ के पानी की मार से बचाने के लिए पत्थर के स्टड लगाए गए हैं, जिन पर 1 करोड़ 80 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसी प्रकार करमूवाला पत्तण, ढिलवां, आहली कलां व अन्य क्षेत्रों में स्टड लगाकर किसानों की 12 हज़ार एकड़ कृषि योग्य ज़मीन को दरिया बुरद होने से बचाया गया है। डिप्टी कमिश्नर ने एस.डी.आर.एफ. के अधिकारियों को कहा कि वह किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए किश्तीयां, बचाव कार्यों की योजना व गोताखोरों की सूची ज़िला प्रशासन के साथ सांझा करें। उन्होंने ग्रामीण विकास व पंचायत विभाग के अधिकारियों को सरपंचों, पंचों व अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों के मोबाइल नंबर भी दर्ज करने के लिए कहा। बैठक में राहुल ढाबा व राजीव वर्मा दोनों अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर, एस.पी. जसबीर सिंह, वरिन्द्रपाल सिंह बाजवा, डा. चारूमिता, बलबीर राज, शायरी मल्होत्रा (चारों एस.डी.एम.) के अलावा ड्रेनेज़ विभाग, वाटर सप्लाई, लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।


अजीत समाचार वैब टी वी — आज के विशेष प्रोग्राम

पंजाबी यूनिवर्सिटी का रिसर्च स्कालर जूस की दुकान खोलने के लिए मज़बूर






मानसा के मिट्ठू कबाड़िये ने एयर फोर्स के कबाड़ हो चुके 6 हैलीकाप्टर खरीदे

देखने के लिए क्लिक करें : www.ajitsamachar.com facebook.com/ajitsamachar


# कांग्रेस में शामिल होने वालों का खैहरा द्वारा स्वागत



कांग्रेस में शामिल होने वाले व्यक्तियों के साथ दिखाई दे रहे हैं हलका विधायक सुखपाल सिंह खहरा व अन्य गणमान्य।

भुलत्थ, 21 जून (मनजीत सिंह रत्न): कस्बा भुलत्थ में अकाली दल को उस समय भारी झटका लगा जब हलके के अकाली दल के भारी संख्या में वर्कर कांग्रेस में शामिल हो गए। इनके कांग्रेस में शामिल होने पर हलका विधायक सुखपाल सिंह खहरा द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान शामिल व्यक्तियों ने सुखपाल सिंह खहरा को विश्वास दिलाया कि वह हर वक्त उनके साथ खड़े हैं और पार्टी की मज़बूती के लिए दिन-रात एक कर देंगे। उन्होंने कहा कि वह और भी साथियों को कांग्रेस में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान हलका विधायक सुखपाल सिंह खहरा ने उनका कांग्रेस में आने पर स्वागत किया और कहा कि वह उनका हर मुश्किल में साथ देंगे। उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि वह हलके के विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे और किसी को भी कोई आवश्यकता हो तो वह उनके साथ किसी भी वक्त सीधी बात कर सकता है। कांग्रेस में शामिल होने वाले व्यक्तियों में अजीत सिंह घुम्मण राजपुर, बलविन्द्र कुमार बजाज पूर्व सरपंच, कुलविन्द्र सिंह, सूबेदार रजिन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह कीपा राजपुर, विपन मेहता, कुलविन्द्र सिंह करनैल गंज, शलिन्द्र सिंह मेतला, दलजीत सिंह मेतला, गुरबचन सिंह बोपाराय, मनप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कुंवरजीत सिंह घुम्मण, सुरिन्द्र जौहल व अन्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अमरीक सिंह बोपाराय, बलविन्द्र सिंह चीमा, लखविन्द्र सिंह मुलतानी, इंस्पैक्टर मान सिंह, डा. सुरिन्द्र कक्कड़, कैप्टन बलवीर सिंह, कुलबीर सिंह खहरा, ठाकुर नारायण सिंह, करनदीप सिंह खख, बलवीर सिंह खस्सण, दलजीत सिंह, मनजीत सिंह साहबी, जसवंत सिंह घुम्मण व अन्य भी उपस्थित थे।

# बाबा सोढल जी का जन्मदिन मनाया



बाबा जी के दरबार में नतमस्तक होते हुए पार्षद रीटा शर्मा साथ हैं सुनीता बावा, प्रधान बब्बी चड्डा व अन्य। (छाया : हैप्पी)

जालन्धर 21 जून (शैली) : श्री सिद बाबा सोढल मंदिर में आज बाबा जी का शुभ जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया। इस दौरान भक्तों ने बाबा जी के दरबार में नतमस्तक होकर बाबा जी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान सुनीता बावा की संकीर्तन मंडली द्वारा बाबा जी का गुणगान भी किया गया। इस दौरान संकीर्तन मंडकी की तरफ से गाए गए जानकारी देते हुए श्री सिद्ध बाबा सोढल मंदिर के प्रधान बब्बी चड्डा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी बाबा जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिला संकीर्तन मंडली ने बाबा जी गुणगान किया और चड्डा बिरादरी की तरफ से भोग लगाकर प्रसाद भी वितरित किया गया। बाबा जी के जन्मदिन के पावन मौके पर बच्चों को खिलौने व बंद पैके प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर बब्बी चडडा, सुदर्शन ज्योति, जे.बी चडडा, हैरी चडडा, पार्षद रीटी शर्मा, श्याम लाल चड्डा सुनीता बावा, अनीता शर्मा, रितू, प्रेम सहित अन्य मौजूद रहे। मंदिर की तरफ से आए हुए सभी को चुनरी देकर सनमानित किया गया।

# चूरा पोस्त सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

कपूरथला, 21 जून (सडाना): थाना कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को चूरापोस्त सहित काबू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निज़ामपुर नज़दीक कोतवाली पुलिस ने स्कूटरी सवार एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया, पर उसने स्कूटरी पीछे को मोड़कर भगाने लगा, जिसे काबू किया गया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम सज्जन सिंह उर्फ बूरा निवासी गांव बूटा बताया। उक्त व्यक्ति की स्कूटरी के आगे रखे बोरे में से 6 किलो चूरापोस्त बरामद हुए। पूछताछ के दौरान मनजीत सिंह निवासी तलवंडी चौधरियां को इस मामले में नामज़द किया गया और पुलिस ने 8 किलो और चूरापोस्त बरामद किए हैं, जबकि मनजीत सिंह की गिरफ्तारी होनी अभी बाकी है। कोतवाली पुलिस ने उक्त मामले संबंधी केस दर्ज करके सज्जन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# पवित्र वेईं में डाला जा रहा गंदा पानी बंद हो : मैनेजर बेर साहिब



पवित्र वेईं में पैदा गंदा पानी रोकने की मांग करते हुए भाई रेशम सिंह मैनेजर गुरुद्वारा बेर साहिब जी सुल्तानपुर लोधी व स्टाफ।

सुल्तानपुर लोधी, 21 जून (नरेश हैप्पी/थिंद): जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के साथ गुड़ी सांझ रखती उनकी चरण छोह प्राप्त पवित्र वेईं में विभिन्न स्थानों से डाला जा रहा गंदा दूषित पानी बंद किया जाए। यह मांग गुरुद्वारा श्री बेर साहिब जी सुल्तानपुर लोधी के मैनेजर भाई रेशम सिंह ने पवित्र वेईं का जायज़ा लेने के उपरांत दोहराई है। उन्होंने पहले ही विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर पवित्र वेईं में गंदा पानी डालने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी और पानी को साफ व स्वच्छ रखने के लिए प्रयास करने की अपील की थी। उल्लेखनीय है कि पिछले माह पवित्र वेईं का पानी प्रदूषित होने के कारण वेईं में से लाखों मछलियां व पानी वाले अन्य जीव दम घुटने के कारण मर गए थे और पवित्र वेईं में गुरुद्वारा श्री बेर साहिब जी के समक्ष भारी गंदगी फैल गई और बदबू फैलने के कारण गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक होने आई संगत व गुरुद्वारा साहिब के रागी व ग्रंथी साहिबान को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। भाई रेशम सिंह ने कहा कि पता लगा है कि गुरु बाबा नानक पातशाह जी की पावन वेईं में गंदा पानी ज्यों का त्यों डाला जा रहा है, जिसको बंद करवाने के लिए प्रदेश सरकार व प्रशासन को हम फिर अपील करते हैं। इस अवसर पर भुपिन्द्र सिंह आर.के., स्वर्ण सिंह चक्कां, सुखजिन्द्र सिंह भगतपुर, सुखविन्द्र सिंह खज़ानची, दलजीत सिंह मोमी उपस्थित थे।

# पंजाब बटालियन एन.सी.सी. ने मनाया विश्व योग दिवस




पंजाब बटालियन एन.सी.सी. फगवाड़ा द्वारा स्थानीय बटालियन हैड क्वार्टर में विश्व योग दिवस पर सूबेदार देवीदास, सूबेदार कमल सिंह, सूबेदार सुरिन्द्र सिंह, सूबेदार पूर्ण सिंह, सूबेदार अशोक कुमार, नायब सूबेदार बजिन्द्र सिंह, हवलदार मुकेश कुमार व अन्य।

## कैडेट्स को वर्चुअल मीटिंग द्वारा बताया योग का महत्व

फगवाड़ा, 21 जून (तरनजीत सिंह किन्नड़ा): 8 पंजाब बटालियन एन.सी.सी. फगवाड़ा द्वारा विश्व योग दिवस स्थानीय बटालियन हैड क्वार्टर में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान कर्नल योगेश भारद्वाज कमांडिंग अफसर की अध्यक्षता में एन.सी.सी. स्टाफ द्वारा विभिन्न योग क्रियाएं की गईं। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के एक हज़ार से ज्यादा एन.सी.सी. कैडेट्स 'योगा एट होम' अभियान के तहत समागम के साथ ऑनलाईन जुड़े और सूबेदार मेजर सोनम तरगिस के निर्देशों पर घर में ही योग क्रियाएं कीं। कर्नल योगेश भारद्वाज ने समूह एन.सी.सी. कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए योग का महत्व बताया और कहा कि शारीरिक तंदरुस्ती के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन प्रातः-सायं कुछ समय योग अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर सूबेदार देवी दास सूबेदार कमल सिंह, सूबेदार सुरिन्द्र सिंह, सूबेदार पूर्ण सिंह, सूबेदार अशोक कुमार, नायब सूबेदार बजिन्द्र सिंह, हवलदार मुकेश कुमार, हवलदार जसविन्द्र सिंह, हवलदार संजीव सिंह, हवलदार संजीव आज़ाद, हवलदार सुशील कुमार, हवलदार महावीर सिंह, सूबेदार काबल सिंह, हवलदार मनीष सिंह, हवलदार अवतार सिंह, हवलदार मनमोहन सिंह, हवलदार उपिन्द्र सिंह, हवलदार खेम सिंह, हवलदार भगवान सिंह व अन्य भी उपस्थित थे।

# रामगढ़िया कालेज ऑफ एजुकेशन ने योग दिवस मनाया



रामगढ़िया कालेज ऑफ एजुकेशन, फगवाड़ा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मनप्रीत कौर भोगल, प्रिंसीपल डा. सुरिन्द्रजीत कौर, एन.एस.एस. के इंचार्ज सपना चड्ढा व स्टाफ सदस्य।

फगवाड़ा, 21 जून (तरनजीत सिंह किन्नड़ा): रामगढ़िया कालेज ऑफ एजुकेशन, फगवाड़ा में समूह टीचिंग तथा नॉन टीचिंग स्टाफ ने अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस मनाया, जिसमें कालेज प्रिंसीपल डा. सुरिन्द्र कौर ने भी भाग लिया। कालेज के एन.एस.एस. यूनिट द्वारा इस एक दिवसीय वर्चुअल समारोह में विद्यार्थियों ने वर्चुअल प्लेटफार्म द्वारा मिलकर योगा आसन किए। विद्यार्थियों ने वज्र आसन, पदम आसन, काग आसन, सुक्ख आसन तथा प्राणायाम आसन किए। विद्यार्थियों ने अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट की और स्वास्थ्य संबंधी पैगाम साझा किए। प्रिंसीपल डा. सुरिन्द्रजीत कौर ने कहा कि कोरोना वायरस ने लोगों को अपनी जीवनशैली में योगा को शामिल करने तथा इस महामारी के साथ लड़ने के लिए इम्युनिटी सिस्टम को ताकतवर करने के लिए प्रेरित किया है। मनप्रीत कौर भोगल, चेयरपर्सन रामगढ़िया एजुकेशनल कौंसिल फगवाड़ा ने प्रिंसीपल डा. सुरिन्द्रजीत कौर, एन.एस.एस. के इंचार्ज सपना चड्ढा, स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थियों को इस बहुमूल्य दिवस को मनाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन और आसाधारण तनाव को दूर करने के लिए योग एक प्रभावशाली साधन है। योग अध्ययन एकाग्रता तथा दिमागी क्रियाओं को और भी विकसित करता है।

# बाबा माधो सिंह ईशरधाम वालों का बेर साहिब में प्रबंधकों द्वारा सम्मान



बाबा माधो सिंह ईशरधाम हरिके वालों का सम्मान करते हुए शिरोमणि कमेटी सदस्य बीबी गुरप्रीत कौर रूही, इंजी. स्वर्ण सिंह, सरबजीत सिंह धूंदा एडीशनल मैनेजर, कुलवंत सिंह एडीशनल मैनेजर, भाई हरजिन्द्र सिंह व अन्य।

सुल्तानपुर लोधी, 21 जून (नरेश हैप्पी/थिंद): संत बाबा माधो सिंह गुरुद्वारा ईशरधाम नानकसर हरिके वाले ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री बेर साहिब जी सुल्तानपुर लोधी में नतमस्तक हुए। उन्होंने इस दौरान कीर्तन भी श्रवण किया। गुरुद्वारा श्री बेर साहिब में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के हलका सुल्तानपुर लोधी के सदस्य बीबी गुरप्रीत कौर रूही, इंजी. स्वर्ण सिंह सेवामुक्त एडीनशल एस.ई., गुरुद्वारा बेर साहिब के एडीशनल मैनेजर सरबजीत सिंह धूंदा, एडीशनल मैनेजर कुलवंत सिंह, मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुरजीत सिंह सभराअ द्वारा विशेष सम्मान किया गया। इस दौरान बातचीत करते हुए बाबा माधो सिंह ने बताया कि वह श्री गोइंदवाल साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सुंदर पालकी साहिब वाली कीमती बस भेंट करने के उपरांत सुल्तानपुर लोधी आए थे। उन्होंने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी महाराज के इस पावन अस्थान गुरुद्वारा बेर साहिब जी की दर्शनयात्रा करके मन को बहुत खुशी मिलती है। इस उपरांत उन्होंने शिरोमणि अकाली दल के पी.ए.सी. सदस्य इंजी. स्वर्ण सिंह व बीबी गुरप्रीत कौर सदस्य शिरोमणि कमेटी के साथ गुरमति विचार भी सांझा किए। इस अवसर पर भाई हरजिन्द्र सिंह चंडीगढ़, भाई कशमीर सिंह ग्रंथी, ग्रंथी भाई कुलबीर सिंह, भाई बखशीश सिंह, भाई अवतार सिंह नल्ल, भुपिन्द्र सिंह रिकॉर्ड कीपर, रणजीत सिंह ठट्टा रिकॉर्ड कीपर, गुरुद्वारा बाऊली साहिब डल्ला के मैनेजर भाई चैंचल सिंह, बीबी बलजीत कौर कमालपुर पूर्व सदस्य ब्लॉक समिति, अमनदीप सिंह बूले व अन्य भी उपस्थित थे।

# बसपा व शिअद ने एस.एस.पी. के नाम एस.एच.ओ. को सौंपा ज्ञापन



बसपा के लोकसभा हलके के जोनल इंचार्ज तरसेम सिंह डौला व शिरोमणि अकाली दल के पी.ए.सी. सदस्य इंजी. स्वर्ण सिंह एस.एच.ओ. हरजीत सिंह को एस.एस.पी. के नाम ज्ञापन सौंपते हुए।

सुल्तानपुर लोधी, 21 जून (नरेश हैप्पी/थिंद): विधानसभा हलका सुल्तानपुर लोधी के बहुजन समाज पार्टी व शिरोमणि अकाली दल के वर्करों द्वारा आज कांग्रेसी सांसद रवनीत बिट्टू व भाजपा के केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर एस.एस.पी. कपूरथला के नाम लिखित ज्ञापन थाना सुल्तानपुर लोधी के एस.एच.ओ. हरजीत सिंह को सौंपा गया। बसपा के प्रदेशाध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी के आदेशों के अनुसार बसपा के लोकसभा हलका खडूर साहिब के जोनल इंचार्ज तरसेम सिंह डौला व शिरोमणि अकाली दल के पी.ए.सी. सदस्य इंजी. स्वर्ण सिंह की अध्यक्षता में बसपा व अकाली वर्कर रोष मार्च करते हुए सब-डिवीज़न सुल्तानपुर लोधी के डी.एस.पी. कार्यालय पहुंचे, जहां कांग्रेसी सांसद रवनीत बिट्टू तथा भाजपा के केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी के विरुद्ध नारेबाज़ी की गई। इस दौरान थाना प्रमुख हरजीत सिंह ने मांगपत्र प्राप्त किया और यह पत्र एस.एस.पी. साहिब को भेजने का आश्वासन दिलाया। इस दौरान बातचीत करते हुए तरसेम सिंह डौला व इंजी. स्वर्ण सिंह ने बताया कि जब बहुजन समाज पार्टी व शिरोमणि अकाली दल का पंजाब में समझौता हुआ तो उसके बाद कांग्रेस व भाजपा नेताओं द्वारा लगातार बहुजन समाज पार्टी के वर्करों पर विशेषतौर पर अनुसूचित जाति वर्गों को लगातार नीचा दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ-साथ उन्हें गैर पंथक घोषित कर उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने की भी योजनाबद्ध कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि समझौते के बाद कांग्रेस सांसद रवनीत बिट्टू द्वारा यह कहा गया कि शिरोमणि अकाली दल ने श्री आनन्दपुर साहिब व श्री चमकौर साहिब की पवित्र विधानसभा सीटें बहुजन समाज पार्टी के लिए छोड़ दी गई हैं। इसी प्रकार उन्होंने पवित्र व अपवित्र का मुद्दा खड़ा किया है। बसपा के वरिष्ठ नेता तरसेम सिंह डौला ने कहा कि भाजपा के केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने भी पंथक व गैरपंथक का मुद्दा खड़ा करके इन लोगों को पंथ के दायरे से ही बाहर खड़ा करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों में उक्त दोनों के खिलाफ भारी रोष है और इस कारण पंजाब के माहौल को देखते हुए इन नेताओं के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

# कोरोना के 21 नए केस, 1 की मौत

कपूरथला, 21 जून (सडाना): ज़िले में कोरोना के 21 नए मामले सामने आए हैं, जबकि टिब्बा निवासी एक 61 वर्षीय महिला की जालंधर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। ज़िले में मरीज़ों की कुल संख्या 17487 है, जिसमें 219 एक्टिव मामले हैं और आज 33 मरीज़ों को ठीक होने के उपरांत छुट्टी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के 2908 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं।

# नशीली गोलियों सहित एक काबू

कपूरथला, 21 जून (सडाना): थाना कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को नशीली गोलियों सहित काबू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस पार्टी ने गुरुद्वारा संतसर साहिब नज़दीक कथित आरोपी जोगिन्द्र सिंह निवासी बूटा को काबू करके जब उकसी जांच की तो उक्त व्यक्ति से 325 नशीली गोलियां बरामद हुई, जिसके विरुद्ध थाना कोतवाली में केस दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बसपा व शिअद नेताओं ने एस.एस.पी. को दिया मांगपत्र



शिअद व बसपा के नेता एस.पी. हैडक्वार्टर जसबीर सिंह को मांगपत्र देते हुए।

कपूरथला, 21 जून (दीपक बजाज): शिरोमणि अकाली दल तथा बहुजन समाज पार्टी के नेताओं द्वारा गत दिवस कांग्रेसी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू व भाजपा के केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा अपनाई गई गलत शब्दावली के विरोध में एस.पी. हैड क्वार्टर जसबीर सिंह को मांगपत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के मंत्रियों ने हमेशा ही भाईचारे को अनदेखा किया है, जिसको कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जबकि बसपा सुप्रीमो कांशीराम द्वारा देश के पार्लियामैंट में गुरु ग्रंथ साहिब उनका चुनाव घोषणापत्र है और गुरु ग्रंथ साहिब के फलसफे को वह देशभर में लागू करना चाहते हैं, पर दोनों पार्टियों के नेताओं ने सदियों से प्रताड़ित लोगों को अपमानित करने वाले बयान देकर उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। इस दौरान उन्होंने उपरोक्त दोनों नेताओं पर कार्रवाई की मांग की है। मांगपत्र देने मौके शिरोमणि अकाली दल के हलका इंचार्ज एडवोकेट परमजीत सिंह,बसपा के ज़िला प्रधान रकेश कुमार दातारपुरी, सुच्चा सिंह मान, तरसेम थापर, हरिन्द्र शीतल, जसविन्द्र बिट्टा, ओंकार सिंह, रणजीत कौर रेनू, जत्थेदार दविन्द्र सिंह उपस्थित थे।

# गज़टिड नान गज़टिड एस.सी.-बी.सी. इम्पलाईज़ फैडरेशन का प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला

## मांगें पूरी करवाने के लिए दिया ज्ञापन



हलका विधायक बलविन्द्र सिंह धालीवाल को ज्ञापन सौंपते हुए सतवंत टूरा के साथ मनजीत गाट, ज्ञानचंद वाहद, लखवीरचंद व अन्य।

फगवाड़ा, 21 जून (तरनजीत सिंह किन्नड़ा): दलित समाज की सिरमौर संगठन गज़टिड तथा नान गज़टिड एस.सी./बी.सी. इम्पलाईज़ फैडरेशन पंजाब इकाई कपूरथला का एक प्रतिनिधिमंडल ज़िलाध्यक्ष सतवंत सिंह टूरा, मनजीत गाट, ज्ञानचंद वाहद, लखवीरचंद तथा विनोद कुमार के संयुक्त नेतृत्व में हलका विधायक बलविन्द्र सिंह धालीवाल से मिला और आधिकारिक मांगों संबंधी एक ज्ञापन देते हुए मांग की कि कैप्टन अमरेन्द्र सिंह सरकार से उनकी मांगें पूरी करवाई जाएं। अतिरिक्त जानकारी देते हुए सतवंत टूरा व अन्यों ने बताया कि उनकी मांगों में स्टेट कमेटी द्वारा लिए फैसले के अनुसार पंजाब सरकार द्वारा दलित कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा न करते हुए 85वीं संवैधानिक संशोधन को बहाल करना, अकाली भाजपा सरकार द्वारा गैर-संवैधानिक तौर पर जारी किया 10/10/14 का पत्र, जिसने तरक्कियों में दलित कर्मचारियों का जो हनन किया है, उसको रद्द करवाना, आबादी अनुसार आरक्षण 40 प्रतिशत लेने के लिए ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को नियुमित करना, 22 लाख विद्यार्थियों के वज़ीफे को नियमित करना, शिक्षा विभाग में की जा रही लैक्चरारों की तरक्कियों में आरक्षण एक्ट 2006 के अनुसार 14 प्रतिशत आरक्षण करना शामिल है। स्वतंत्र टूरा के अनुसार विधायक धालीवाल ने आश्वासन दिया है कि वह संबंधित विभाग व पंजाब सरकार तक उनकी मांग को पहुंचाएंगे।